**Series : SQP5R** **SET~2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/5/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

**नोट** []

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **25** printed pages + **1** Map.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** *21×1=21*

**1.** नीचे दिए गए उपयुक्त विकल्प के साथ रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

1859 में अंग्रेज़ों ने एक ______________ पारित किया जिसमें यह कहा गया कि ऋणदाता और रैयत के बीच हस्ताक्षरित ऋणपत्र तीन वर्षों के लिए मान्य होंगे।

(A) इल्बर्ट बिल (B) रॉलेट एक्ट

(C) परिसीमन कानून (D) शस्त्र (आयुध) अधिनियम

**2.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से औपनिवेशिक काल के मिशन की पहचान कीजिए :

- इसने भारत के लिए केन्द्र में एक अंतरिम सरकार के गठन का प्रस्ताव पेश किया।
- 1946 में इसने अपनी संवैधानिक योजना की घोषणा की।

**विकल्प :**

(A) क्रिप्स मिशन (B) कैबिनेट मिशन

(C) फ्रेसर मिशन (D) साइमन कमीशन

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

(iii) ***Section A** – Questions number **1** to **21** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** – Questions number **22** to **27** are Short Answer Type Questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

(v) ***Section C** – Questions number **28** to **30** are Long Answer (LA) Type Questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

(vi) ***Section D** – Questions number **31** to **33** are Source-Based Questions having three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

(vii) ***Section E** – Question number **34** is Map-Based Question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of the question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

(ix) *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map, etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## SECTION A

### (Multiple Choice Type Questions) *21×1=21*

**1.** Fill in the blank with the suitable option given below.
In 1859, the British passed the _________ that stated that the loan bonds signed between moneylenders and ryots would have a validity period of three years.

(A) Ilbert Bill (B) Rowlatt Act
(C) Limitation Law (D) Arms Act

**2.** Identify the 'mission' of the colonial period with the help of the following information :

- It presented a scheme for the formation of an interim government at the centre for India.
- It announced its Constitutional Scheme in 1946.

**Options :**

(A) Cripps Mission (B) Cabinet Mission
(C) Fraser Mission (D) Simon Commission

**3.** नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* अंग्रेज़ों ने 1857 के विद्रोह को आसानी से दबा दिया।

*कारण (R) :* अंग्रेज़ों ने विद्रोह को दबाने हेतु कई कानून पारित किए।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**4.** संविधान सभा की प्रमुख समितियों एवं उनके अध्यक्षों के संदर्भ में स्तंभ I को स्तंभ II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | ***स्तंभ I (समिति)*** | | ***स्तंभ II (अध्यक्ष)*** |
|---|---|---|---|
| a. | प्रारूप समिति | i. | जवाहरलाल नेहरू |
| b. | परामर्श समिति | ii. | वल्लभभाई पटेल |
| c. | राज्य समिति | iii. | बी.आर. अम्बेडकर |
| d. | संचालन समिति | iv. | राजेंद्र प्रसाद |

**विकल्प :**

(A) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(B) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

**5.** भारत के राष्ट्रवादी नेताओं के क्षेत्रों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

बिपिन चंद्र पाल : बंगाल; बाल गंगाधर तिलक : ______________

(A) दिल्ली
(B) गुजरात
(C) महाराष्ट्र
(D) बिहार

**3.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* The British easily put down the Revolt of 1857.

*Reason (R) :* The British passed a series of laws to quell the insurgency.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Match Column I with Column II regarding important Committees of the Constituent Assembly and their Presidents :

| | ***Column I (Committees)*** | | ***Column II (Presidents)*** |
|---|---|---|---|
| a. | Drafting Committee | i. | Jawaharlal Nehru |
| b. | Advisory Committee | ii. | Vallabhbhai Patel |
| c. | States Committee | iii. | B.R. Ambedkar |
| d. | Steering Committee | iv. | Rajendra Prasad |

**Options :**

(A) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(B) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

**5.** Choose the correct option from the following to fill in the blank regarding regions of nationalist leaders of India :

Bipin Chandra Pal : Bengal; Bal Gangadhar Tilak : ___________.

(A) Delhi (B) Gujarat

(C) Maharashtra (D) Bihar

6. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 1857 के विद्रोह का मुख्य केन्द्र ***नहीं*** था ?

(A) ग्वालियर (B) आरा

(C) सिंहभूम (D) हैदराबाद

7. निम्नलिखित में से किसने 'औसत लगान' का सिद्धांत दिया था ?

(A) डेविड रिकार्डो

(B) कार्ल मार्क्स

(C) एडम स्मिथ

(D) फ्रांसिस बुकानन

8. इब्न-बतूता के दिल्ली के विवरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

I. दिल्ली एक बड़ा शहर था।

II. दिल्ली घनी आबादी वाला शहर था।

III. दिल्ली में रंग-बिरंगे बाज़ार थे।

IV. दिल्ली का एशियाई व्यापार से अलगाव था।

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) I, II और III सही हैं।

(B) I, III और IV सही हैं।

(C) II, III और IV सही हैं।

(D) I, II और IV सही हैं।

9. विजयनगर साम्राज्य के शासकों के संदर्भ में विषम की पहचान कीजिए।

(A) हरिहर (B) रामराय

(C) रुद्रदमन (D) बुक्का

10. अकबर के शासनकाल के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी भूमि को तीन से चार वर्षों तक खाली (परती) रखा जाता था ?

(A) पोलज (B) चचर

(C) परौती (D) बंजर

**6.** Which of the following regions was ***not*** a major centre of the Revolt of 1857 ?

(A) Gwalior (B) Arrah

(C) Singhbhum (D) Hyderabad

**7.** Who amongst the following had given the 'average rent' theory ?

(A) David Ricardo

(B) Karl Marx

(C) Adam Smith

(D) Francis Buchanan

**8.** Read the following statements regarding Ibn Battuta's description of Delhi :

I. Delhi was a vast city.

II. Delhi was a populous city.

III. Delhi had colourful markets.

IV. Delhi was isolated from Asian trade.

Which of the following options are correct ?

(A) I, II and III are correct.

(B) I, III and IV are correct.

(C) II, III and IV are correct.

(D) I, II and IV are correct.

**9.** Find the odd one out regarding the rulers of the Vijayanagara empire.

(A) Harihara (B) Rama Raya

(C) Rudradaman (D) Bukka

**10.** Which of the following lands was kept fallow for three to four years during Akbar's period ?

(A) Polaj (B) Chachar

(C) Parauti (D) Banjar

**11.** दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

*आइन-ए-अकबरी*, ऐतिहासिक ग्रंथ अकबर के दरबारी इतिहासकार _______________ द्वारा लिखा गया था।

(A) इनायत खान

(B) अबुल फ़ज़्ल

(C) अब्दुल हमीद लाहौरी

(D) अब्दुल कादिर बदायुनी

**12.** निम्नलिखित में से किस वंश ने विजयनगर पर सबसे पहले शासन किया था ?

(A) सुलुव

(B) तुलुव

(C) अराविदु

(D) संगम

**13.** बासवन्ना के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. वह एक ब्राह्मण थे और भगवान शिव के अनुयायी थे।

II. उन्होंने लिंगायत परंपरा की स्थापना की।

III. उनकी रचनाओं को कन्नड़ परंपराओं में संरक्षित किया गया है।

IV. उन्होंने दाह-संस्कार जैसे अंतिम संस्कारों का समर्थन किया।

**विकल्प :**

(A) I, II और IV सही हैं।

(B) I, II और III सही हैं।

(C) I, III और IV सही हैं।

(D) II, III और IV सही हैं।

**11.** Fill in the blank with the appropriate word from the given options.

The chronicle *Ain-i-Akbari* was authored by Akbar's court historian __________.

(A) Inayat Khan

(B) Abu'l Fazl

(C) Abdul Hamid Lahori

(D) Abdul Qadir Badayuni

**12.** Which of the following dynasties was the first to rule Vijayanagara ?

(A) Saluva (B) Tuluva

(C) Aravidu (D) Sangama

**13.** Which of the following statements about Basavanna are correct ?

I. He was a Brahmana and devotee of Lord Shiva.

II. He founded the Lingayat tradition.

III. His compositions are preserved in Kannada tradition.

IV. He supported funerary rites like cremation.

**Options :**

(A) I, II and IV are correct.

(B) I, II and III are correct.

(C) I, III and IV are correct.

(D) II, III and IV are correct.

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सुमेलित है?

| | (यात्री) | | (देश) |
|---|---|---|---|
| (A) | अब्दुर रज़्ज़ाक | – | मोरक्को |
| (B) | सयदी अली रेइस | – | तुर्की |
| (C) | महमूद वली बल्ख़ी | – | उज़्बेकिस्तान |
| (D) | मोहम्मद इब्न अहमद अबू रेहान अल-बिरूनी | – | अफ़गानिस्तान |

**15.** निम्नलिखित में से किसने बुद्ध को संघ में महिलाओं को प्रवेश देने के लिए मनाया ?

(A) महाप्रजापति गौतमी

(B) राहुल

(C) आंनद

(D) पुन्ना

**16.** स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | ***स्तंभ I*** | | ***स्तंभ II*** |
|---|---|---|---|
| | ***(हड़प्पन कलाकृतियाँ)*** | | ***(महत्व)*** |
| a. | मुहरें | i. | शिल्प कौशल का संकेत |
| b. | बाट | ii. | प्रशासन के लिए प्रयुक्त |
| c. | मनके | iii. | मापन की मानकीकृत इकाई |
| d. | फ़यॉन्स | iv. | मिट्टी के बर्तनों को बनाने के लिए प्रयुक्त |

**विकल्प :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(C) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

**14.** Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | **(Travellers)** | **(Country)** |
|---|---|---|
| (A) | Abdur Razzaq | – Morocco |
| (B) | Seydi Ali Reis | – Turkey |
| (C) | Mahmud Wali Balkhi | – Uzbekistan |
| (D) | Muhammad ibn Ahmad Abu Ralhan al-Biruni | – Afghanistan |

**15.** Who amongst the following persuaded the Buddha to admit women in the Sangha ?

(A) Mahapajapati Gotami

(B) Rahul

(C) Ananda

(D) Punna

**16.** Match Column I with Column II and choose the correct option.

| | ***Column I (Harappan Artefacts)*** | | ***Column II (Significance)*** |
|---|---|---|---|
| a. | Seals | i. | Indicated craftsmanship |
| b. | Weights | ii. | Used for administration |
| c. | Beads | iii. | Standardized unit for measurement |
| d. | Faience | iv. | Used for pottery-making |

**Options :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(C) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

**17.** नीचे दिए गए चित्र को देखिए और रानी की पहचान कीजिए जिसने साँची स्तूप के संरक्षण में सहायता की।



(A) सुल्तान जहाँ बेगम  (B) शाहजहाँ बेगम

(C) सिकन्दर बेगम  (D) कुदसिया बेगम

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **17** के स्थान पर है।*

अंजता की गुफाओं की प्रसिद्ध चित्रकला भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

(A) उत्तर प्रदेश  (B) बिहार

(C) ओडिशा  (D) महाराष्ट्र

**18.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से *महाभारत* के चरित्र की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

- वह हिडिंबा और भीम का पुत्र था।
- मातृपक्ष से वह राक्षस कुल से संबंधित था।
- उसने समय आने पर पांडवों की सहायता करने का वादा किया।

**विकल्प :**

(A) हिडिंबा  (B) बकासुर

(C) जटासुर  (D) घटोत्कच

**17.** Look at the image given below and identify the queen who helped in the preservation of Sanchi Stupa :



(A) Sultan Jehan Begum (B) Shahjehan Begum

(C) Sikandar Begum (D) Qudsia Begum

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. no.* ***17****.*

The famous paintings of Ajanta caves are found in which of the following state of India ?

(A) Uttar Pradesh (B) Bihar

(C) Odisha (D) Maharashtra

**18.** Identify the characters of the *Mahabharata* with the help the following information and choose the correct option :

- He was a son of Hidimba and Bhima.
- He belonged to the Rakshasa clan from maternal side.
- He promised to help the Pandavas in the time of need.

**Options :**

(A) Hidimba (B) Bakasura

(C) Jatasura (D) Ghatotkacha

**19.** प्राचीन काल के निम्नलिखित 'राजनीतिक विकास' को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. कन्नौज में हर्षवर्धन

II. पाटलीपुत्र में चंद्रगुप्त मौर्य

III. दक्कन में सातवाहन

IV. कर्नाटक में चालुक्य

**विकल्प :**

(A) I, III, II, IV (B) II, III, IV, I

(C) III, I, II, IV (D) IV, II, III, I

**20.** नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* अशोक के *धम्म* में उदारता, दया और धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान पर बल दिया गया।

*कारण (R) :* अशोक ने अपने साम्राज्य को सार्वभौमिक सिद्धांतों के साथ एकजुट बनाए रखने का प्रयास किया।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**21.** 'अफ़गानिस्तान में शोर्तुघई हड़प्पा पुरास्थल में नहरों के अवशेष मिले हैं, परंतु पंजाब और सिंध में नहीं।'

निम्नलिखित में से पुरातत्वविदों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण की पहचान कीजिए :

(A) अफ़गानिस्तान मे कृषि उपकरण पंजाब से अधिक उन्नत थे।

(B) पुरातत्वविदों ने पंजाब और सिंध का गहन उत्खनन नहीं किया।

(C) पंजाब और सिंध में शोर्तुघई की तुलना मे अधिक वर्षा होती थी।

(D) शोर्तुघई की हिमालय की बारहमासी नदियों तक पहुँच थी।

**19.** Arrange the following 'political developments' of the ancient period in chronological order and choose the correct option :

I. Harshavardhana in Kannauj

II. Chandragupta Maurya in Pataliputra

III. Satavahanas in Deccan

IV. Chalukyas in Karnataka

**Options :**

(A) I, III, II, IV (B) II, III, IV, I

(C) III, I, II, IV (D) IV, II, III, I

**20.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* Asoka's *dhamma* emphasized generosity, kindness and respect for religious traditions.

*Reason (R) :* Asoka tried to hold his empire together with universally applicable principles.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**21.** 'Traces of canals have been found at the Harappan archaeological site of Shortughai in Afghanistan but not in Punjab or Sindh.'

Identify the explanation provided by archaeologists from the following :

(A) Agricultural tools in Afghanistan were more advanced than in Punjab.

(B) Archaeologists have not excavated Punjab and Sindh thoroughly.

(C) Punjab and Sindh had higher rainfall than Shortughai.

(D) Shortughai had access to the perennial rivers of the Himalayas.

## खण्ड ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *6×3=18*

**22.** (क) कल्पना कीजिए कि आप हड़प्पा के मनकों और आभूषणों पर शोध कर रहे हैं। इससे आप हड़प्पा शिल्प उत्पादन और उससे होने वाले व्यापार के सम्बन्ध में कौन-से तीन पहलुओं को समझेंगे ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) कल्पना कीजिए कि आप पुरातत्व विभाग के एक छात्र कार्यशाला का हिस्सा हैं जहाँ आपको हड़प्पाकालीन शवाधानों और आभूषणों के तीन पहलुओं के बारे में समझाना है। आप अपने सहपाठियों को इसके बारे में कौन-से तीन पहलू प्रस्तुत करेंगे ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**23.** "आरंभिक भारतीय इतिहास में छठी शताब्दी ई.पू. को प्राय: एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल माना जाता है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**24.** (क) विजयनगर साम्राज्य ने विरुपाक्ष मंदिर का विस्तार किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) अमर-नायक प्रणाली को विजयनगर साम्रज्य की एक प्रमुख राजनीतिक खोज क्यों माना जाता था ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**25.** मोंटेस्क्यू और कार्ल मार्क्स जैसे यूरोपीय विचारकों ने बर्नियर के भारत संबंधी वर्णनों का किस प्रकार उपयोग किया ? व्याख्या कीजिए। *3*

**26.** इस्तमरारी बंदोबस्त की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *3*

**27.** संविधान सभा के सदस्यों द्वारा दिए गए सशक्त केन्द्र पर प्रस्तुत विभिन्न तर्कों की परख कीजिए। *3*

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** (a) Imagine you are doing research on Harappan beads and jewellery. Which three aspects would you understand about Harappan craft production and trade from it ? Explain. *3*

**OR**

(b) Imagine you are a part of a student archaeology workshop where you have to explain about Harappan burial sites and jewellery. Which three aspects would you present to your classmates about it ? Explain. *3*

**23.** "The sixth century BCE is often regarded as a major turning point in early Indian history." Explain the statement. *3*

**24.** (a) How did the Vijayanagara Empire expand the Virupaksha Temple ? Explain. *3*

**OR**

(b) Why was the Amara-Nayaka system considered a major political innovation of the Vijayanagara Empire ? Explain. *3*

**25.** Explain the ways in which the European thinkers like Montesquieu and Karl Marx used Bernier's description of India. *3*

**26.** Describe any three features of the Permanent Settlement. *3*

**27.** Examine different arguments put forward by the members of the Constituent Assembly for a strong Centre. *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) प्राचीन भारत में पौराणिक हिंदू धर्म के विकास का वर्णन कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) प्राचीन संघों में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के जीवन का वर्णन कीजिए। *8*

**29.** (क) 16वीं और 17वीं शताब्दी के दौरान भारत के उत्तरी भाग में वनवासियों के जीवन की परख कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) मुग़ल काल के दौरान कृषि उत्पादन के विविध पहलुओं की परख कीजिए। *8*

**30.** (क) असहयोग आंदोलन ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जनता को संगठित करने में किस हद तक सफल रहा ? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) भारत के लिए गाँधीजी के योगदान को समझने में उनके राजनीतिक जीवन के विभिन्न स्रोत किस प्रकार सहायक हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Describe the growth of Puranic Hinduism in ancient India. *8*

**OR**

(b) Describe the life of the followers of Buddhism in the ancient Sanghas. *8*

**29.** (a) Examine the life of forest dwellers during the sixteenth and seventeenth centuries in the northern part of India. *8*

**OR**

(b) Examine the vivid aspects of agricultural production during the Mughal era. *8*

**30.** (a) To what extent was the Non-Cooperation Movement successful in mobilizing the masses against the British rule ? Explain with suitable examples. *8*

**OR**

(b) How are different sources to know about Gandhiji's political career helpful in understanding his contribution towards India ? Explain with examples. 8

## खण्ड घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**1857 का आंदोलन**

10 मई 1857 की दोपहर बाद मेरठ छावनी में सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया। हलचल की शुरुआत भारतीय सैनिकों से बनी पैदल सेना से हुई थी जो जल्द ही घुड़सवार फ़ौज और फिर शहर तक फैल गई। शहर और आसपास के देहात के लोग सिपाहियों के साथ जुड़ गए। सिपाहियों ने शस्त्रागार पर क़ब्जा कर लिया जहाँ हथियार और गोला-बारूद रखे हुए थे। इसके बाद उन्होंने गोरों पर निशाना साधा और उनके बंगलों, साजो-सामान को तहस-नहस करना और जलाना-फूँकना शुरू कर दिया। रिकॉर्ड दफ़्तर, जेल, अदालत, डाकखाने, सरकारी खजाने, जैसी सरकारी इमारतों को लूटकर तबाह किया जाने लगा। शहर को दिल्ली से जोड़ने वाली टेलीग्राफ़ लाइन काट दी गई। अँधेरा पसरते ही सिपाहियों का एक जत्था घोड़ों पर सवार होकर दिल्ली की तरफ़ चल पड़ा।

यह जत्था 11 मई को तड़के लाल क़िले के फाटक पर पहुँचा। रमज़ान का महीना था। मुग़ल सम्राट बहादुर शाह नमाज़ पढ़कर और सहरी (रोज़े के दिनों में सूरज उगने से पहले का भोजन) खाकर उठे थे। उन्हें फाटक पर हो-हल्ला सुनाई दिया। बाहर खड़े सिपाहियों ने जानकारी दी कि "हम मेरठ के सभी अंग्रेज़ पुरुषों को मारकर आए हैं क्योंकि वे हमें गाय और सुअर की चर्बी में लिपटे कारतूस दाँतों से खींचने के लिए मजबूर कर रहे थे। इससे हिंदू और मुसलमान, सबका धर्म भ्रष्ट हो जाएगा।" तब तक सिपाहियों का एक और जत्था दिल्ली में दाखिल हो चुका था और शहर के आम लोग उनके साथ जुड़ने लगे थे। बहुत सारे यूरोपियन लोग मारे गए, दिल्ली के अमीर लोगों पर हमले हुए और लूटपाट हुई। दिल्ली अंग्रेज़ों के नियंत्रण से बाहर जा चुकी थी। कुछ सिपाही लाल क़िले में दाखिल होने के लिए दरबार के शिष्टाचार का पालन किए बिना बेधड़क क़िले में घुस गए थे। उनकी माँग थी कि बादशाह उन्हें अपना आशीर्वाद दें। सिपाहियों से घिरे बहादुर शाह के पास उनकी बात मानने के अलावा और कोई चारा न था। इस तरह इस विद्रोह ने एक वैधता हासिल कर ली क्योंकि अब उसे मुग़ल बादशाह के नाम पर चलाया जा सकता था।

(31.1) विद्राहियों के लिए बहादुर शाह की भागीदारी क्यों महत्वपूर्ण थी ? *1*

(31.2) दिल्ली में विद्रोहियों की कार्रवाईयों से ब्रिटिश नियंत्रण के टूटने का पता कैसे चलता है ? *1*

(31.3) इस विद्रोह में सिपाहियों और धार्मिक भावनाओं ने किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ? स्पष्ट कीजिए। *2*

## SECTION D

**(Source-Based Questions)** *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The Revolt of 1857**

Late in the afternoon of 10 May 1857, the sepoys in the cantonment of Meerut broke out in mutiny. It began in the lines of the native infantry, spread very swiftly to the cavalry and then to the city. The ordinary people of the town and surrounding villages joined the sepoys. The sepoys captured the bell of arms where the arms and ammunition were kept and proceeded to attack white people, and to ransack and burn their bungalows and property. Government buildings — the record office, jail, court, post office, treasury, etc. — were destroyed and plundered. The telegraph line to Delhi was cut. As darkness descended, a group of sepoys rode off towards Delhi.

The sepoys arrived at the gates of the Red Fort early in the morning on 11 May. It was the month of Ramzan, the Muslim holy month of prayer and fasting. The old Mughal emperor, Bahadur Shah, had just finished his prayers and meal before the sun rose and the fast began. He heard the commotion at the gates. The sepoys who had gathered under his window told him: "We have come from Meerut after killing all the Englishmen there, because they asked us to bite bullets that were coated with the fat of cows and pigs with our teeth. This has corrupted the faith of Hindus and Muslims alike." Another group of sepoys also entered Delhi, and the ordinary people of the city joined them. Europeans were killed in large numbers; the rich of Delhi were attacked and looted. It was clear that Delhi had gone out of British control. Some sepoys rode into the Red Fort, without observing the elaborate court etiquette expected of them. They demanded that the emperor give them his blessings. Surrounded by the sepoys, Bahadur Shah had no other option but to comply. The revolt thus acquired a kind of legitimacy because it could now be carried on in the name of the Mughal emperor.

(31.1) Why was Bahadur Shah's involvement important for the rebels ? *1*

(31.2) How did the actions of the rebels in Delhi indicate a breakdown of British control ? *1*

(31.3) How did the sepoys and religious sentiments play an important role in this uprising ? Explain. *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**विवाह के आठ प्रकार**

यहाँ *मनुस्मृति* से पहली, चौथी, पाँचवीं और छठी विवाह पद्धति का उद्धरण दिया जा रहा है :

पहली : कन्या का दान, बहुमूल्य वस्त्रों और अलंकारों से विभूषित कर उसे वेदज्ञ वर को दान दिया जाए जिसे पिता ने स्वयं आमंत्रित किया हो।

चौथी : पिता वर-वधू युगल को यह कहकर संबोधित करता है कि : "तुम साथ मिलकर अपने दायित्वों का पालन करो।" तत्पश्चात् वह वर का सम्मान कर उसे कन्या का दान करता है।

पाँचवीं : वर को वधू की प्राप्ति तब होती है जब वह अपनी क्षमता व इच्छानुसार उसके बांधवों को और स्वयं वधू को यथेष्ट धन प्रदान करता है।

छठी : स्त्री और पुरुष के बीच अपनी इच्छा से संयोग... जिसकी उत्पत्ति काम से है...

(32.1) पहली विवाह पद्धति में आभूषण और महँगे वस्त्र क्यों दिए जाते थे ? व्याख्या कीजिए। *1*

(32.2) चौथी विवाह पद्धति में पिता द्वारा वर का सम्मान करने के पीछे अंतर्निहित विचार की व्याख्या कीजिए। *1*

(32.3) इन विवाहों ने बाद के भारतीय समाज की सामाजिक प्रथाओं को कैसे प्रभावित किया ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**एक राक्षसी ?**

यह उद्धरण कराइक्काल अम्मइयार की कविता से लिया गया है, जहाँ वे स्वयं का वर्णन कर रही हैं :

राक्षसी, फूली हुई नाड़ियों वाली
बाहर निकली आँखें, सफेद दाँत और भीतर धँसा उदर
लाल केश और आगे निकले दाँत,
लंबी पिंडली की नली जो टखनों तक फैली हुई है।
वन में विचरते समय चीखना और
क्रंदन यह अलंकटु का वन है,
जो हमारे पिता (शिव) का घर है।
वह नृत्य करते हैं.... उनके जटाजूट आठों ओर बिखर जाते हैं।
उनके अंग शांत हैं।

(33.1) कराइक्काल अम्मइयार कौन थीं ? *1*

(33.2) इस कविता में भगवान शिव का वर्णन कैसे किया गया है ? *1*

(33.3) कविता में दर्शाए गए केन्द्रीय विरोधाभास का विश्लेषण कीजिए। *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Eight forms of marriage**

Here are the first, fourth, fifth and sixth forms of marriage from the *Manusmriti* :

First: The gift of a daughter, after dressing her in costly clothes and honouring her with presents of jewels, to a man learned in the Veda whom the father himself invites.

Fourth: The gift of a daughter by the father after he has addressed the couple with the text, "May both of you perform your duties together," and has shown honour to the bridegroom.

Fifth: When the bridegroom receives a maiden, after having given as much wealth as he can afford to the kinsmen and to the bride herself, according to his own will.

Sixth: The voluntary union of a maiden and her lover … which springs from desire …

(32.1) Explain why jewels and costly clothes were given in the first form of marriage. *1*

(32.2) Explain the underlying idea behind the father honouring the bridegroom in the fourth form of marriage. *1*

(32.3) How had these marriages influenced the social practices in the later Indian society ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**A demon ?**

This is an excerpt from a poem by Karaikkal Ammaiyar in which she describes herself :

The female *Pey* (demoness)
with … bulging veins,
protruding eyes, white teeth and shrunken stomach,
red haired and jutting teeth
lengthy shins extending till the ankles,
shouts and wails
while wandering in the forest.
This is the forest of Alankatu,
which is the home of our father (Shiva)
who dances … with his matted hair
thrown in all eight directions, and with cool limbs.

(33.1) Who was Karaikkal Ammaiyar ? *1*

(33.2) How is Lord Shiva described in the poem ? *1*

(33.3) Analyse the central contrast depicted in the poem. *2*

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *3+2=5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ **27** पर) में**,** निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) कालीबंगन – विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) अजन्ता – प्राचीन बौद्ध स्थल

(iii) (क) पानीपत – मुग़लों के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) गोलकोंडा – मध्यकालीन राज्य

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को 'A' और 'B' से अंकित किया गया है। उनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं.* ***34*** *के स्थान पर है :*

(34.1) पाकिस्तान में किसी एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.2) बिहार में स्थित एक प्राचीन बौद्ध स्थल का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.3) (क) किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए जो मुग़ल साम्राज्य के अधीन था। *1*

**अथवा**

(34.3) (ख) विजयनगर साम्राज्य के किसी एक पड़ोसी साम्राज्य का नाम लिखिए। *1*

(34.4) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए। *2*

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Kalibangan – A mature Harappan site

(ii) Ajanta – An ancient Buddhist site

(iii) (a) Panipat – A territory under the Mughals

**OR**

(iii) (b) Golconda – A medieval period state

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places have been marked as 'A' and 'B', as the centres of the Indian National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Mention any one mature Harappan site in Pakistan. *1*

(34.2) Mention one ancient Buddhist site in Bihar. *1*

(34.3) (a) Name any one territory which was under the Mughal empire. *1*

**OR**

(34.3) (b) Name any one neighbouring kingdom of the Vijayanagara Empire. *1*

(34.4) Name any two centres of the Indian National Movement. *2*

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

